**सोच** का ही फर्क होता है, वरना समस्याएं आपको कमजोर नहीं बल्कि मजबूत बनाने आती है...

आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक-256 ● कटनी ● गुरुवार, 21 अक्टूबर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ●कार्तिक कृष्ण पक्ष -प्रतिपदा ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

विश्वकप विशेष पृष्ठ 7 पर

# 100 करोड़ लोग भारत में वैक्सीनेटेड

## कोरोना से जंग में देश ने बनाया दुनिया में रिकार्ड, विश्व कर रहा तारीफ

**नई दिल्ली ।** कोरोना महामारी के खिलाफ दुनिया की सबसे बड़ी लड़ाई भारत में लड़ी जा रही है। इस लड़ाई में 21 अक्टूबर 2021, गुरुवार का दिन बहुत अहम रहा। आज भारत में कोरोना वैक्सीन के 100 करोड़ डोज पूरे कर लिए गए हैं। करीब 9.45 बजे 100 करोडं वां डोज लगाया गया। पूरे देश में इसका जश्न मनाया जा रहा है। रेलवे स्टेशनों, मेट्रो स्टेशनों और एयरपोर्ट पर इसका ऐलान किया गया। ट्रेनें ने हॉर्न बजाकर इसका स्वागत किया। एतिहासिक लाल किले पर सबसे बड़ा तिरंगा झंडा प्रदर्शित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचे और करीब 20 मिनट तक स्वास्थ्यकर्मियों से मिले। भाजपा ने भी इस अवसर पर देशभर में जश्न मनाने की तैयार की है। इस बीच, यूनीसेफ ने भारत की इस उपलब्धि की तारीख की है। यूनीसेफ की ओर से जारी बयान में कहा गया, यूनिसेफ इंडिया कोविड-19 टीकों की 1 बिलियन खुराक तक पहुंचने पर भारत सरकार को बधाई देता है। हम टीकाकरण में तेजी लाने के लिए हाल के महीनों में भारत द्वारा की गई प्रगति का स्वागत करते हैं। भारत जैसे विशाल और विविधता



वाले देश में एक साल से भी कम समय में 1 बिलियन खुराक देने की तार्किक जटिलता को देखते हुए यह एक जबरदस्त उपलब्धि है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया इस अवसर पर लाल किले में गायक कैलाश खेर के एक गीत और एक ऑडियो-विजुअल फिल्म का शुभारंभ करेंगे। साथ ही प्रतिष्ठित लाल किले पर सबसे बड़ा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा जिसका वजन लगभग 1,400 किलोग्राम है। इसके अलावा देश में मौजूद विश्व प्रसिद्ध स्मारकों पर तिरंगे के रूप में रोशनी की जाएगी। इस बीच, मनसुख मंडाविया ने बुधवार रात अपने ट्वीट में लिखा, देश 100 करोड़ वैक्सीन डोज के करीब है। जिन्हें अभी टीका लगाया जाना है, वे तुरंत टीकाकरण करवाकर भारत की इस ऐतिहासिक स्वर्णिम टीकाकरण यात्रा में योगदान दें। स्पाइसजेट ने 100 करोड़ के वैक्सीन डोज का जश्न मनाने के लिए दिल्ली हवाई अड्डे पर एक विशेष पोशाक का अनावरण करने का फैसला किया है। नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, मंडाविया और स्पाइसजेट के सीएमडी अजय सिंह इस अवसर पर शिरकत करेंगे। भारत के अलावा, चीन एकमात्र ऐसा देश है जिसने अब तक 100 करोड़ से अधिक कोविड-19 वैक्सीन की खुराक दी है। चीन जून में ही 1 करोड़ के आंकड़े पर पहुंच गया था।



### मोदी ने पूछा-दर्द के बाद कोई चिल्लाया तो नहीं..

आरएमएल अस्पताल में पहुंचने के बाद पीएम मोदी ने एक नर्स से भी मुलाकात की पूछा कि क्या टीका लगवाने वाला कोई ऐसा शख्स भी आया, जिसे दर्द हुआ हो या चिल्लाया हो। कोरोना वैक्सीन के 100 करोड़ डोज पूरे होने के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों से बात की। यहां पीएम मोदी के सामने ही बनारस के दिव्यांग अरुण रॉय को 100करोड़वां डोज लगाया गया है। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में में कहा कि देश को 100 करोड़ वैक्सीन का सुरक्षा कवच मिला है। मोदी ने स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े सभी लोगों को बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि आज एक उत्साह है और दायित्व बोध भी है कि हमें मिलकर कोरोना को हराना है।

## फटाफट खबरें



### प्रज्ञा के फिर बिगड़े बोल, अब पूर्व मंत्री को कह दिया रावण

**भोपाल।** दशहरे पर एक विरोधी नेता को रावण की संज्ञा दे चुकीं प्रज्ञा ठाकुर ने अब पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक पीसी शर्मा को भी इशारों-इशारों में रावण कह दिया। शरद पूर्णिमा पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए साध?वी प्रज्ञा ने पीसी शर्मा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने किसी का नाम लिए बगैर कहा कि एक विधायक है शर्मा। बुढ़ापा आ गया हैं, लेकिन सच बोलना नहीं सीखा। मैं कहती हूं, बुढ़ापे में तो आदमी सुधर जाए। ब्राह्मण कुल में जन्म लिया तो ब्राह्मण बने रहो, रावण मत बनो। रावण बनोगे क्या करेंगे राम जी। मजबूरी हो जाएगी।।

### हाईकमान को सिद्धू का इस्तीफा मंजूर कर लेना चाहिए था: रावत

**चंडीगढ़।** पंजाब को लेकर कांग्रेस नेतृत्व की मुश्किलें कम होने की बजाय बढ़ती जा रही हैं। राज्य के नेताओं के बीच घमासान का सिलसिला जारी है। वहीं हरीश रावत ने अब सार्वजनिक तौर पर नेतृत्व से पंजाब प्रभारी का पद छोड़ने की मांग कर दी है। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि जब नवजोत सिंह सिद्धू ने पंजाब कांग्रेस के पद से इस्तीफा दे दिया था तो उसे मंजूर किया जाना चाहिए था। इससे हाईकमान का स्पष्ट संदेश जाता।

### एलएसी पर दिखी चीन को मुंहतोड़ जवाब देने की तैयारी

**नई दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन को मुहंतोड़ जवाब देने के लिए भारतीय जवानों ने मोर्चा संभाल लिया है। अरुणाचल प्रदेश में पूर्वी क्षेत्र के उबड़-खाबड़ जलवायु परिस्थितियों और इलाकों में भारतीय सेना के जवान आक्रमक ट्रेनिंग और जोरदार अभ्यास करने में जुटे हुए हैं। चीन को करारा जवाब देने के लिए लद्दाख से लेकर अरुणाचल प्रदेश की सीमा तक भारतीय जवानों का पहरा है। जवान जमकर यहां पसीना बहा रहे हैं। चीन की हर एक गतिविधि पर भारत नजर बनाए हुए हैं। खतरे से निपटने के लिए भारतीय सेना के सैनिकों ने पास तवांग सेक्टर में एक अभ्यास का प्रदर्शन किया।





### केंद्रीय कर्मचारियों को आज मिल सकता है डीए का दिवाली तोहफा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल आज यानी गुरुवार को केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता और महंगाई राहत बढ़ोतरी को मंजूरी दे सकता है। होने वाली कैबिनेट बैठक की समाप्ति के बाद मंजूरी के बारे में घोषणा की उम्मीद की जा सकती है। जुलाई से लंबित डीए और डीआर को अगर सरकार मंजूरी दे देती है तो यह केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए राहत भरी खबर होगी। यह एक जुलाई से प्रभावी माना जाएगा। कोरोना के कारण केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत लाभों को अस्थायी रूप से रोक दिया था।

## पायलट ने समय रहते पैराशूट बांध विमान से छलांग लगा दी

# भिंड में वायुसेना का ट्रेनर विमान क्रैश, पायलट बचे

**चेन्नई।** मध्यप्रदेश के भिंड जिले से बड़ी खबर आ रही है, जहां एक वायुसेना का ट्रेनर विमान क्रैश हो गया है। जानकारी के मुताबिक यह नियमित प्रशिक्षण पर रवाना हुआ था। सूचना मिलने के पर एयरफोर्स, पुलिस और प्रशासन की टीम मौके लिए रवाना हो गई है। विमान में एक ही पायलट फ्लाइट लेफ्टिनेंट अभिलाष थे, जिन्हें हल्की चोटें आईं लेकिन वे पूरी तरह से सुरक्षित हैं। हादसा इतना खतरनाक था कि विमान क्रैश होकर जमीन के अंदर धंस गया। बताया गया है कि हादसे के बाद विमान दो हिस्सों में बंट गया था। लेकिन हादसे में विमान पायलट लेफ्टिनेंट अभिलाष सुरक्षित हैं और मामूली चोट आई है। मौके पर पुलिस



और प्रशासन के अधिकारी पहुंच चुके हैं और बचाव एवं राहत कार्य तेजी से किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार एयरफोर्स विमान के पायलट लेफ्टिनेंट अभिलाष अकेला उसमें सवारी कर रहे थे, तभी विमान में कोई तकनीकी दिक्कत पैदा हुई तभी, पायलट ने समय रहते अपने आपको सुरक्षित करते हुए पैराशूट के जरिये विमान से छलांग लगा दी और विमान क्रेश होकर देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मन का बाग इलाके में जा गिरा और पायलेट ऊमरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत लगभग दो से तीन किलोमीटर दूर परशुराम पुरा में जा गिरे। फिलहाल पुलिस प्रशासन के अलावा ट्रैफिक पुलिस ग्रामीणों को घटना पॉइन्ट से दूर भगाने का प्रयास कर रही है।

# अनन्या पांडे और शाहरुख के घर रेड

**मुंबई ।**



बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे के घर एनसीबी ने छापा मारा है। यह रेड मुंबई के बांद्रा स्थित उनके घर पर की गई है। मामले में अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है लेकिन माना जा रहा है कि एनसीबी की यह रेड आर्यन खान ड्रग मामले से जुड़ी हुई हो सकती है। अनन्या शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की दोस्त रही हैं। एनसीबी के हाथ आर्यन खान और बॉलीवुड की एक उभरती हुई एक्ट्रेस की चैट लगी है। चैट्स में नशे को लेकर बातचीत हो रही थी। इसी चैट को आधार बनाकर एनसीबी ने कोर्ट से आर्यन समेत बाकी आरोपियों की रिमांड मांगी है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या वह उभरती हुई एक्ट्रेस अनन्या पांडे हैं। अनन्या बॉलावुड एक्टर चंकी पांडे की बेटी हैं। अनन्या ने करण जौहर की फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से बॉलीवुड डेब्यू किया था। उधर शाहरुख आज अपने बेटे आर्यन से मिलने आर्थर जेल गए थे। इसी बीच अब शाहरुख खान के घर मन्नत में एनसीबी की टीम पहुंच गई है सर्च ऑपरेशन कर रही है।

# विरोध में अनिश्चितकाल तक नहीं रोक सकते सड़कें

## किसान संघों को सुप्रीम कोर्ट की दो टूक



**नई दिल्ली।** सड़कों पर पिछले एक साल से किसानों द्वारा धरना प्रदर्शन करने को लेकर एक बार फिर आज सुनवाई हुई। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट कर दिया कि सड़कों को अवरुद्ध कर विरोध प्रदर्शन नहीं किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसानों को विरोध करने का अधिकार है लेकिन अनिश्चित काल के लिए सड़कों को अवरुद्ध नहीं किया जा सकता। संयुक्त किसान मोर्चा का कहना है कि सड़कों को विरोध करने वाले किसानों ने नहीं बल्कि पुलिस ने जाम किया है सुप्रीम कोर्ट नेकिसान संघों को सड़कों से विरोध करने वाले किसानों को हटाने की मांग वाली याचिका पर चार सप्ताह में अपना जवाब दाखिल करने को कहा।

### आंदोलन में शामिल पंजाब के एक और किसान की मौत

**जयपुर ।** सोनीपत के कुंडली बॉर्डर पर तीन कृषि कानूनों को रद्द कराने की मांग को लेकर जारी आंदोलन में शामिल पंजाब के एक और किसान की बुधवार रात को मौत हो गई। शुरुआती जांच में मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत के सही कारणों का पता लग सकेगा। पुलिस ने शव को सामान्य अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पंजाब के जिला पटियाला के गांव रेनो निवासी करनैल सिंह (61) कुंडली बॉर्डर पर जारी आंदोलन में शामिल होने आए थे।

# प्रियंका की घोषणा : इंटर पास छात्राओं को स्मार्टफोन व ग्रेजुएट को देंगे स्कूटी

**लखनऊ।** यूपी चुनाव 2022 में महिलाओं को 40 फीसदी टिकट देने का एलान करने के बाद कांग्रेस ने गुरुवार को एक और बड़ी घोषणा की है। यूपी कांग्रेस ने एलान किया है कि प्रदेश में सरकार बनने पर इंटर पास छात्राओं को एक-एक स्मार्ट फोन वितरित किया जाएगा। वहीं, ग्रेजुएट हो चुकी छात्राओं को इलेक्ट्रॉनिट स्कूटी दी जाएगी। यूपी प्रभारी व कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि कल मैं कुछ छात्राओं से मिली। उन्होंने बताया कि उन्हें पढ़ने व सुरक्षा के लिए स्मार्टफोन की जरूरत है। मुझे खुशी है कि घोषणा समिति की सहमति से आज यूपी कांग्रेस ने निर्णय लिया है कि




सरकार बनने पर इंटर पास लड़कियों को स्मार्टफोन और स्नातक लड़कियों को इलेक्ट्रानिक स्कूटी दी जाएगी। 19 अक्तूबर को कांग्रेस ने आगामी विधानसभा चुनाव में 40 फीसदी टिकट महिला उम्मीदवारों को देने का एलान किया था। इस घोषणा की राजनीतिक हलकों में बड़ी चर्चा रही।

### राहुल गांधी बोले- यूपी सिर्फ शुरुआत है

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस फैसले की सराहना करते हुए लड़की हूं... लड़ सकती हूं का नारा ट्वीट किया। उन्होंने कहा कि, देश की बेटी कहती है- अपनी मेहनत से शिक्षा की ताकत से सही आरक्षण से मैं आगे-आगे बढ़ सकती हूं यूपी सिर्फ शुरुआत है।

### 34 लोग फंसे, चार की मौत और दो लापता

**देहरादून ।** उत्तराखंड में विगत दिनों आई आपदा में मृतकों की संख्या बढ़कर 62 हो गई है। गुरुवार को बागेश्वर जिले की सुंदरढूंगा घाटी में चार पर्यटकों की मौत की खबर मिली है। जानकारी के मुताबिक बागेश्वर जिले के पिंडारी, सुंदरढूंगा व कफनी ग्लेशियर क्षेत्र में अभी भी 54 लोग फंसे हुए हैं। वहीं सुंदरढूंगा घाटी में मैकतोली, भानूटी ग्लेशियर के आस-पास ट्रेक पर गए चार पर्यटकों की मौत हो गई है और दो पर्यटक लापता हैं। यह जानकारी उनके साथ बतौर पोर्टर गए सुंदरढूंगा से सुरेंद्र सिंह पुत्र हरक सिंह ने दी है। कफनी ग्लेशियर ट्रेक में 20 गांव वाले भी फंसे हुए हैं। कार्यालय ने भी इसकी पुष्टि की है।

# एमपी में बढ़ेगा 8 फीसदी महंगाई भत्ता

**भोपाल।** सीएम शिवराज सिंह चौहान ने मध्य प्रदेश के सभी शासकीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 8 प्रतिशत बढ़ाने की घोषणा की है। सरकारी कर्मचारियों को ये बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता नवंबर 2021 में भुगतान होने वाले अक्टूबर 2021 के वेतन में जुड़कर मिलेगा। इसके साथ ही अब प्रदेश के अधिकारी-कर्मचारियों को मिलने वाला कुल महंगाई भत्ता 12 प्रतिशत से बढ़कर 20 प्रतिशत हो जाएगा। कोरोना काल में राज्य की वित्तीय स्थिति बुरी



तरह प्रभावित होने से शासकीय सेवकों को जुलाई 2020 और जनवरी 2021 में मिलने वाली वेतनवृद्धि भी स्थगित रखी गई थी। मध्य प्रदेश ने अब यह निर्णय लिया है कि इस लंबित वेतनवृद्धि का 50 प्रतिशत नवंबर 2021 में भुगतान होने वाले अक्टूबर 2021 के वेतन के साथ दिया जाएगा। लंबित वेतनवृद्धि की शेष 50 प्रतिशत राशि, मार्च 2022 में भुगतान होने वाले फरवरी 2022 के वेतन के साथ भुगतान की जाएगी।

# मालदार निकला जनपद का रिटायर्ड सीईओ

**जबलपुर।** मंडला में जनपद पंचायत के प्रभारी सीईओ रहे सेवानिवृत्त अधिकारी नागेंद्र यादव के खिलाफ गुरुवार को पुलिस ने शिकंजा कस दिया। नौकरी में रहते आय से करीब आठ गुना अधिक संपत्ति के आसामी नागेंद्र के जबलपुर मंडला और भोपाल स्थित ठिकानों पर ईओडब्ल्यू ने गुरुवार को सुबह करीब छह बजे एक साथ छापामारी की। तीनों जिलों में नागेंद्र यादव की संपत्तियों का पता चला है। ईओडब्ल्यू एसपी देवेंद्र सिंह राजपूत ने कहा कि नागेंद्र यादव के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की



शिकायत प्राप्त हुई थी। मंडला में नागेंद्र का एक मकान है। जहां पर ताला लगा हुआ है। जबलपुर में सर्च कार्रवाई के बाद अधिकारियों की टीम नागेंद्र को लेकर मंडला जाएगी जहां उसकी मौजूदगी में घर के दरवाजे पर लगा ताला खोलकर सर्चिंग की जाएगी। इधर ईओडब्ल्यू के अन्य अधिकारियों ने सर्च कार्रवाई में नागेंद्र यादव द्वारा जोड़ी गई बेहिसाब संपत्ति का पता चलने की संभावना जताई है। अभी तक की कार्रवाई में 50 करोड़ की संपत्ति का अनुमान लगाया जा रहा है।

# UP Election सपा-सुभासपा का गठबंधन तय

**राजनीतिक डेस्क।** ओमप्रकाश राजभर की सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी और समाजवादी पार्टी में गठबंधन हो गया है। इसका एलान सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने प्रेस कांफ्रेंस कर किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता परेशान है। हमारी अखिलेश यादव के साथ सहमति बन गई है। लोग भाजपा से परेशान हैं। हम उन्हें सत्ता से हटाने के लिए साथ आए हैं। बताया जा रहा है कि दोनों नेताओं में 14 सीटों पर सहमति बनी है। राजभर ने बुधवार को अखिलेश यादव से मुलाकात की। इसके पहले राजभर के भाजपा से गठबंधन करने के कयास लगाए जा रहे थे। सपा ने ट्वीट कर इसकी घोषणा कर दी है। ट्वीट में कहा गया है कि वंचितों, शोषितों, पिछड़ों, दलितों, महिलाओं, किसानों, नौजवानों, हर कमजोर वर्ग की लड़ाई समाजवादी पार्टी और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी



मिलकर लड़ेंगे। सपा और सुभासपा आए साथ, यूपी में भाजपा साफ! अखिलेश यादव से मुलाकात के बाद राजभर ने बयान दिया कि आज अखिलेश यादव से मुलाकात हुई। हमने गठबंधन के लिए सपा, बसपा, कांग्रेस और भाजपा को निमंत्रण दिया था। अखिलेश यादव ने हमारे न्योते को स्वीकार किया। हमारी उनसे एक घंटे बात हुई। 27 तारीख को महापंचायत रखी गई है जिसमें वंचित, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग के लोग शामिल होंगे। सीटों के लिए 27 के बाद बैठ कर बात कर लेंगे। उन्होंने कहा कि सपा एक सीट भी नहीं देगी तो भी हम उनके साथ रहेंगे ।राजभर ने कहा कि इस समय प्रदेश में भाजपा नफरत की राजनीति कर रही है। व्यापारी और नौजवान सभी परेशान हैं। उन्होंने ये भी कहा कि भागीदारी संकल्प मोर्चा में सीटों का विवाद नहीं है।

### सेंसेक्स 300 अंक ऊपर खुला, निफ्टी में भी तेजी

**नई दिल्ली।** सप्ताह के चौथे कारोबारी दिन यानी गुरुवार (21 अक्तूबर) को मिश्रित वैश्विक रुझानों के बावजूद भारतीय शेयर बाजार सकारात्मक स्तर पर खुले। इस दौरान सेंसेक्स की शुरुआत 286.63 अंकों की तेजी के साथ 61546.59 के स्तर पर हुई। वहीं, निफ्टी भी 82.40 अंकों की बढ़त के साथ 18349 पर खुला। इस दौरान करीब 1455 शेयरों में तेजी आई, जबकि 415 शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। वहीं, 66 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। बाजार में कारोबार की शुरुआत होते ही ओएनजीसी, शेयरों में उछाल आया।

कटनी
गुरुवार, 21 अक्टूबर 2021
यश भारत

# अमन और भाईचारे के साथ कैमोर में निकला ईदमिलादुन्नबी का जुलूस

## सदर हाजी गुलाम की ज़ानिब से गरीबों को बांटा गया अनाज



**कैमोर।** पैग़म्बर हज़रत मोहम्मद साहब की यौमेविलादत का पर्व ईदमिलादुन्नबी कैमोर नगर में अमन और भाईचारे की भावना के साथ मनाया गया। इस मुबारक़ मौके पर अंजुमन कमेटी के सदर हाजी गुलाम भाई की अगुवाई में शानदार जुलूस निकाला गया। गरीबों को अनाज के पैकेट वितरित किये गए और मुल्क तथा नगर की खुशहाली के लिए दुआ की गई। ईदमिलादुन्नबी पर जुलूस निकाले जाने को लेकर पहले असमंजस की स्थिति रही बाद में प्रशासन की तरफ़ से शांतिपूर्ण जुलूस निकाले जाने की अनुमति प्रदान कर दी गई। प्रशासन की अनुमति मिलते ही अंजुमन कमेटी के सदर हाजी गुलाम भाई द्वारा समाज के वरिष्ठ जनों से चर्चा कर ईदमिलादुन्नबी की तैयारियां की गई। दोपहर में अंजुमन परिसर से ईदमिलादुन्नबी का जुलूस बैंड बाजे के साथ शुरू हुआ। इस बार जुलूस के लिए जबलपुर की मशहूर विशाल ब्रास बैंड पार्टी को बुलाया गया था। बैंड की धुनों ने जूलूस के जोश को और भी बढ़ा दिया था। जुलूस में शामिल युवा और बच्चे पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब की शान में नारे बुलंद करते चल रहे थे। नगर की विभिन सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं द्वारा जगह जगह जुलूस का इस्तकबाल किया गया एवं लंगर बांटा गया। जुलूस आज़ाद चौक, संडे मार्केट, फुहारा चौक, पेट्रोल पंप होते हुए खलवारा बाज़ार और फिर भाटिया मुहल्ला की जामा मस्जिद पहुंच कर समाप्त हुआ। रास्ते में कहीं लंगर तक़सीम हुआ तो कहीं बच्चों को टाफियां बांटी गई। पेयजल और शर्बत का भी इंतजाम किया गया। अंजुमन कमेटी के सदर हाजी गुलाम खान और इंजीनियर नवाब खान की ओर से 10 -10 किलो के अनाज के पैकेट तैयार किये गए थे जो एस डी एम प्रिया चन्द्रावत, एस डी ओ पी शिखा सोनी, टी आई अरविंद जैन एवं अन्य गणमान्य नागरिकों के हाथों गरीबों को बांटे गए। जुलूस के समापन के पश्चात भाटिया मुहल्ला जामा मस्जिद में जलसे का आयोजन किया गया था जहां बच्चों और युवाओं ने हज़रत मोहम्मद साहब के जीवन से जुड़ी बातों को नात और कलाम के रूप में पेश कर उपस्थित लोगों की वाहवाही लूटी। आयोजन में पूर्व सदर दिलावर खान, हाजी नसीम खान, हाजी नाज़िम खान, शाहिद हुसैन, शक़ील खान, हाजी महमूद खान, रूआब खान, आशिक बेग, इमरान खान, नईम खान, आरिफ खान, रफीक खान, अज़ीज़ खान सहित अन्य वरिष्ठ जनों की मौजूदगी रही। जलसे में नात कलाम पेश करने वाले बच्चों को भी ईनाम इकराम देकर नवाजा गया। इस बार के जुलूस में नवगठित अंजुमन स्क्वाड फोर्स के स्वयंसेवक भी फोर्स के अध्यक्ष शहनवाज खान के नेतृत्व में व्यवस्था बनाते साथ चल रहे थे।



## सवालों के बच्चों ने दिए रोचक जबाव

### भारत विकास परिषद द्वारा भारत को जानो ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन

कटनी। भारत विकास परिषद द्वारा भारत को जानो ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में शहर के 25 अलग अलग स्कूलों के लगभग 690 बच्चों ने भाग लिया। वरिष्ठ वर्ग में से चयनित बच्चों में प्रथम सूर्य गुप्ता, सेंट पॉल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कक्षा ग्यारहवीं, द्वितीय, मनन मित्तल, डायमंड स्कूल, कक्षा बारहवीं शामिल है। भारत को जानो प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान क्वालीफाइड करने के लिए चयनित बच्चों ने रैपिड क्वेश्चन राउंड को क्लियर किया। 19 अक्टूबर को दोपहर 2.15 बजे इस राउंड के लिए जूम मीटिंग पर बच्चों ने अपनी उपस्थिति दी। इस राउंड के लिए 4 बच्चे चयनित किये गए। सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाला बच्चे को द्वितीय स्थान के लिए विजेता चुना गया। भारत को जानो प्रतियोगिता के परिणाम में कनिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान गीत गुप्ता सेंटपॉल स्कूल कक्षा आठवीं ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान के लिए चार बच्चो ने क्वालीफाई किया है। जिनके बीच फास्टेस्ट क्वेश्चन राउंड के द्वारा किसी एक बच्चे का चयन किया गया। जिसमें रुद्रांश पांडे, व्ही केल्ड्रीज सपब्लिक स्कूल कक्षा आठवी, मो. दानिश खान, सेंटपॉल स्कूल, झिंझरी, कक्षा आठवी, मान्यता सिंह शिकागो पब्लिक स्कूल, कक्षा आठवी, काजल पटेल, सरस्वती विष्णु वेद विद्यालय कक्षा आठवी शामिल हैं।

## मां ने पहले ही छोड़ दिया, कोविड ने छीना पिता का भी साया

### बाल सेवा योजना ने दिया अंशू यादव को सहारा, चेहरे पर लौटी खुशी

**कटनी।** इंदिरा ज्योति कॉलोनी निवासी अंशू यादव की मां की सात साल पहले मृत्यु हो गई थी। दो भाई व दो बहनों को पिता नरेश यादव पाल रहे थे। कोविड की दूसरी लहर में नरेश भी बीमारी से हार गए और उनकी मृत्यु हो गई। ऐसी स्थिति में अंशू सहित उसके भाई बहनों के सामने जीवन यापन का संकट आन पड़ा। परिवार के इस कठिन समय में राज्य सरकार की कोविड बाल सेवा योजना सहारा बनकर सामने आई। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ऐसे परिवारों का सर्वे किया गया, जिनमें बच्चों के अभिभावकों की मृत्यु कोविड के समय हो गई थी और बच्चे असहाय हो गए थे। अंशू के परिवार ने भी महिला एवं बाल विकास विभाग से संपर्क किया। उसके बाद बच्चों को योजना का सहारा मिला और उनके चेहरों में रौनक लौट आई। बाल सेवा योजना के तहत अंशू व उसके भाई बहनों को न सिर्फहर माह राशि मिलेगी बल्कि हर माह निशुल्क राशन भी प्राप्त होगा। इतना ही नहीं योजना के अंतर्गत अंशू व उसके भाई बहनों की पढ़ाई का खर्चा भी सरकार वहन करेगी। योजना से मदद मिलने के बाद अंशू ने कहा कि यदि राज्य सरकार मदद नहीं मिलती तो उसे न सिर्फपढ़ाई छोड़नी होती बल्कि सभी भाई बहनों का जीवनयापन मुश्किल हो जाता। अंशू ने कठिन समय में मदद करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया।





## अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता

**कटनी।** जबलपुर में चल रही अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में डिंडोरी और कटनी के मध्य खेले जाने वाले पहले सेमीफाइनल मैच के पहले दिन कटनी की टीम ने 8 विकेट खोकर 301 रन बनाए। आदित्य भारती ने शानदार 106 रन, आल फास ने 35, दर्शन शर्मा ने 33, रियांश नेमा 35, एवं अदित्य बेन ने नाबाद 55र न बनाए। कल मैच के आखिरी दिन डिंडोरी बल्लेबाज़ी करने उतरेगी।

## धार्मिक स्थल विलायतकला आश्रम में मनाया शरद पूर्णिमा महोत्सव

### धर्म को आडंबर बना रहे लोगों को समझाने का प्रयास कर रहे साधनारत त्यागी जी का लोगों ने मनाया जन्मदिन





**कटनी।** सेवा समिति स्वर्ग नगरी तीर्थ धाम विलायतकला में सदस्यों द्वारा शरद पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आश्रम में त्यागी जी ने बताया कि जहां आज लोग धर्म को भी आडंबर बना रहे हैं वही त्यागी सम्पूर्ण विश्व में सच्चे धर्म को समझने समझाने के लिए लोगों को प्रेरित कर राष्ट्र रक्षा विश्व कल्याण के लिए संकल्पित है। आश्रम में शरद पूर्णिमा के दिन धरती पर स्वर्ग की भांति धार्मिक स्थल का निर्माण करने वाले साधनारत त्यागी के जन्म दिन को धूमधाम से नही सादगी, मितव्ययता और सेवा देकर मनाया गया। लोगों ने कोरोना की सरकारी व्यवस्था को देखते हुए शोशल मीडिया का उपयोग करते हुए सभी ने जिम्मेदारी निभाई। इस अवसर पर थाईलैंड से जे डी ,दुबई से फिल्म डायरेक्टर दामोदरन, नेपाल से समता विद्यालय के संस्थापक उत्तम संजेल, बिहार से गाधीवादी विचारक अमरनाथ, तीसरी सरकार संस्थापक चन्द्रशेखर प्राण बनारस, पंजाब से सीनियर एडवोकेट अशोक पाराशर, दिल्ली से संगीता अधिकारी, निर्भय, मूर्ति, हरयाणा से रमेश, जनरल वी के सिंह, प्रयाग से दिवाकर द्विवेदी, जापान, भूटान, लन्दन सम्पूर्ण विश्व के साथ भारत के सभी राज्यों सहित कटनी से पधारे गायत्री परिवार से पंडित अरविंद तिवारी, किरन संगीत विद्यालय के प्राचार्य ओ.पी. तिवारी, महर्षि महेश योगी परिवार से पधारी टीम, अनिरूद्ध बजाज, अधिवक्ता अजुला सरावगी, राकेश रजक, देवेंद्र दुबे, बरही श्रीनिवास, बिरला सीमेंट झरेला साथ-साथ सम्पूर्ण स्नेहीजनों ने पहुंचकर त्यागी जी को प्रणाम करते हुए दीप यज्ञ, भोजन प्रसाद, उपहार वितरण किया। इस धार्मिक स्थल पर पहुंचे लगभग दो हजार लोगों ने केले के पत्ते में भोजन किया।




## सिटी मॉल बरही रोड में

बॉलीवुड की धमाकेदार मूवी, कॉमेडी, फुल एंटरटेनमेंट




रोजाना 4 शो ता. 22 से दोपहर 12.45, 3,5.15 एवं 7.30 बजे से

**बबलू बैचलर**

कलाकार- शरमन जोशी, पूजा चौपड़ा, तेजश्री प्रधान, राजेश शर्मा, महेशचंद्र देव आदि।

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

## सिटी मॉल बरही रोड में

हॉलीवुड की धमाकेदार मूवी, शानदार दूसरा सप्ताह




रोजाना 4 शो ता. 14 से दोपहर 12.30, 3.30,6 एवं 8.30 बजे से

**VENOM (हिन्दी में)**

(LET THERE BE CARNAGE)

कलाकार- जेनी स्लेट, वुडी हैरेलसन, सोप अलुको, स्कॉट डेकर्ट, मार्सेला ब्राग़ियो आदि।

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।


## कटनी सिंगरौली रेलखंड पर अत्याधुनिक सिग्नलिंग और दूरसंचार तकनीक सुविधाओं का उपयोग

# इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग से बढ़ेगी ट्रेनों की रफ्तार






**कटनी।** भारतीय रेलवे में आधुनिक सिगनल और दूरसंचार प्रणाली से ट्रेन परिचालन में सुरक्षा बढ़ती है। भारतीय रेल में उपयोग में आने वाले उपकरणों का अपग्रेडेशन एंड रिप्लेसमेंट एक सतत प्रक्रिया है और इस प्रक्रिया को इसकी स्थिति, परिचालन आवश्यकताओं और संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर किया जाता है। गौरतलब है कि पश्चिम मध्य रेल में सिग्नलिंग सिस्टम में तीव्र गति से अपग्रेडेशन किया जा रहा है, जिसमें नये प्रकार की इंटरलॉकिंग प्रणाली को अलग-अलग रेलखण्डों पर लगाया जा रहा है तथा पुरानी इंटरलॉकिंग प्रणाली को भी बदला जा रहा है। ट्रेन संचालन में डिजिटलीकरण एवं आधुनिकीकरण और सुरक्षा बढ़ाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग को बड़े पैमाने पर अपनाए जा रहा है, जिसके अंतर्गत सुरक्षा और लचीलेपन को बढ़ाने के लिए पैनल एवं इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग का कार्य जबलपुर मंडल के कटनी-सिंगरौली और सतना-रीवा रेलखण्डों पर सितंबर में पूर्ण किया गया। न्यू इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग को कटनी-सिंगरौली रेलखण्ड पर देवराग्राम-मझौली के बीच दोहरीकरण कार्य को देवराग्राम स्टेशन से 29 सिग्नल रुट्स के साथ 13 पॉइंट्स मशीन, 28 ट्रैक सर्किट एवं 15 मेन सिंगनल्स को जोड़कर पूर्ण किया गया। न्यू पैनल इंटरलॉकिंग को कटनी सिंगरौली रेलखण्ड पर देवरा ग्राम मझौली के बीच दोहरीकरण कार्य को मझौली स्टेशन से 85 सिग्नल रुट्स के साथ 27 पॉइंट्स मशीन, 52 ट्रैक सर्किट एवं 39 मेन सिंगनल्स को जोड़कर पूर्ण किया गया। इस प्रकार पश्चिम मध्य रेल द्वारा इस वर्ष 2021-22 में सितंबर तक 12 स्टेशनों पर नये आरआरआई, पैनल, इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग का कमीशन किया गया है। जो कि अंतहरू, बिजौरा, कटंगिखुर्दए नारायणपुर टटवारा, इटारसी गुड्स केबिन, गंगापुरसिटी, हिनोतिया पिपलखेड़ा ओर, भूलोन, देवराग्राम, मौझौली, कैमा स्टेशनों पर किया गया है। साथ ही इसी वर्ष अन्य 9 स्टेशनों बागरातवा, सिहोरा रोड, न्यू कटनी जंक्शन सी केबिन, सलहना, बीना मालखेड़ी खुरई, अशोकनगर, सकरिया, मझगवां पर भी पैनल में परिवर्तन किये गए हैं, जिससे वहां परिचालन क्षमता एवं परिचालन आवागमन और नये सिगनल रूट्स प्रदान किये गए हैं।

### रेल संचालन में बढ़ोत्तरी के साथ आय में भी होगी वृद्धि

रेल संचालन में बढ़ोत्तरी के साथ ही आय में भी वृद्धि हुई है। पैनल एवं इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग से रेल संचालन में सरंक्षाए सुरक्षा तथा परिचालन की सुगमता में बढ़ोत्तरी होगी और इस इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम से कई फायदे है। इस प्रणाली में कम से कम जगह की आवश्यकता होती है। यह प्रणाली सफल एवं सुरक्षित प्रणाली है। इस प्रणाली में फेलियर की जानकारी स्वयं पता चल जाती है। यह प्रणाली काफी सुरक्षित और विश्वसनीय है। यह प्रणाली ट्रेन संचालन में गति प्रदान करता है। सरंक्षित और सुरक्षित रेल संचालन के लिए पश्चिम मध्य रेल नई आधुनिक तकनीक का उपयोग करने में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है।

यश भारत
# सिटी न्यूज
कटनी, गुरूवार, 21 अक्टूबर 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# 31 जनवरी तक चलेगा दस का दम स्वच्छता हर दम अभियान



## जिला पंचायत सीईओ ने जनपदों में आयोजित स्वच्छता गतिविधियों को लेकर जारी किए निर्देश

कटनी। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत स्वच्छता को जन आन्दोलन बनाकर समुदाय की सतत् भागीदारी से ग्रामों में ओडीएफप्लस की गतिविधियों एवं कार्यकलापों को बढ़ावा देने 2 अक्टूबर 2021 से 31 जनवरी 2022 तक ''दस का दम-स्वच्छता हर दम'' कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे ने इस संबंध में जानकारी दिशा-निर्देशों के तहत गतिविधियों के अयोजन को लेकर जिले के समस्त जनपद पंचायतों के सीईओ को निर्देश जारी किये हैं। इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रमुख 10 प्रकार के स्वच्छता आधारित थीम से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। तिथिवार गतिविधियों में 2 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक स्वच्छता संदेश पहुंचे सारा प्रदेश और क्षमता वर्धन, प्लास्टिक का निस्तारण स्वच्छत हो पर्यावरण की गतिविधियां आयोजित की गई हैं। वहीं 4 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2021 तक वित्त आयोग का सहयोग स्वच्छता का उपयोग, 16 नवम्बर से 31 नवम्बर 2021 तक सुजलाम, 1 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक शौचालय में टूट सुरक्षा में चूक से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। साथ ही 16 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2021 तक दो गड्ढे वाले शौचालय का निर्माण स्थायित्व की पहचान, 1 जनवरी 2022 से 15 जनवरी 2022 तक हर कोई हर रोज हमेशा, 16 जनवरी से 31 जनवरी 2022 तक हमारा गांव हमारी शान और 26 जनवरी 2022 को संकल्प समृद्धि संबंधित गतिविधियां ग्रामस्तर पर आयोजित की जायेंगी।

## नुक्कड़ नाटक एवं शिक्षा चौपाल से दिया स्वच्छता का संदेश

कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येयन्द्र सिह धाकरे के निर्देशन में स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में भागीदारी कर नागरिकों का सकारात्मक सहायोग प्राप्त करते हुए नगर को स्वच्छता के अव्वल पायदान पर लाकर प्रदेश में प्रथम स्थान दिलानें हेतु रोजाना विभिन्न जागरूकता गतिविधयोां का आयोजन किया जा रहा है। नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन सुनील सिंह नें जानकारी देते हुए बताया कि नागरिकों को स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 की गतिविधियों से अवगत कराने हेतु निगम प्रशासक द्वारा आई0ई0सी0 गतिविधियों हेतु नियुक्त एजेंसी के सदस्यों द्वारा नगर में रोजाना विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। आयोजित गतिविधियों के तहत विगत दिवस लाल बहादुर शास्त्री वार्ड एवं हेमू कालाणी वार्ड में नुक्कड नाटक का आयोजन किया जाकर स्थानीय रहवासियों को 4 आर के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए घरों से निकलनें वाले गले एवं सूखे हानिकारक कचरे को अलग अलग डस्टबिन में रखनें व निगम के कचरा वाहन में अलग अलग ही देकर नगर को स्वचछता में उच्च स्तर का दर्जा दिलानें की अपील की गई। टीम लीडर सुरेन्द पाण्डेय ने बाताया कि नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था सहित नगर के पर्यावरण संरक्षण में नागरिकों का सकारात्मक सहयोग प्राप्त करनें हेतु झिंझरी में शिक्षा चौपाल के माध्यम से सिंगल यूज प्लास्टिक से होनें वाले नुकसानों से अवगत कराते हुए इनका उपयोग न करनें, कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु मास्क एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करनें, अपनें घरों के आस पास पर्याप्त साफसफाई बनाये रखनें की अपील की गई।




## 16 नग भैंस हकदार को सौंपने न्यायालय का आदेश



बरही। गत 7 अक्टूबर को बरही पुलिस ने एक ट्रक क्रमांक यूपी 73 ए 2375 में ठूस-ठूस कर भरी 18 भैसो को मुक्त कराते हुए पशुक्रूरता का मामला दर्ज किया था, जिनमें 2 भैसों की मौत भी हो चुकी थी। यही भैसे पुलिस के लिए गले की फांस बन चुकी है। 16 भैसों को बजरंग दल के कार्यकर्ता करौदी कला निवासी नीरज तिवारी की सुपुर्दगी में पुलिस ने दिया था। भैसो के हकदार ने न्यायालय में अपील की। जिसके बाद अब विजयराघवगढ़ न्यायालय प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आदेश जारी किया है कि 16 नग पशुओ भैस एवं पड़ा मोहम्मद अहमद पिता नदरुद्दीन उम्र 52 साल निवासी रहीमपुर मौलानी थाना करारी जिला कौशाम्बी उत्तरप्रदेश को पहचान सुनिश्चित करते हुए अबिलम्ब सुपुर्द करते हुए पालन प्रतिवेदन न्यायालय में प्रस्तुत किया जाय। न्यायालय के आदेश के बाद बरही पुलिस को सभी भैसो को एकत्रित करने के लिए पसीना बहाना पड़ा, जिसके बाद एक-एक भैंस की तलाश कर थाना प्रांगण में बांधा गया है, थाना प्रांगण में बंधी अब ये भैसे पुलिस के लिए सिरदर्द बनी हुई है। इस बारे में नीरज तिवारी का कहना है कि जो भैसे पुलिस ने उन्हें दिया था, उन्हें वे दूसरो को दे दिया था, जिनसे एकत्रित कर थाना पहुचाया गया है।

## मुख्य मार्ग से हटाए बेजा कब्जे




कटनी। नागरिकों को नगर के मुख्य मार्गो में सुगम आवागमन की सुविधा प्राप्त हो सके इस हेतु निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा रोजाना मुख्य मार्गो के अस्थाई अतिक्रमणों को हटाकर सुगम यातायात मुहैया करानें के प्रयास किये जा रहे है। अतिक्रमण प्रभारी एस.के. गर्ग नें जानकरी देते हुए बताया कि निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में सुगम आवागमन की सुविधा हेतु निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा नगर के मुख्य मार्ग मिशन चौक से सुभाष चौक तक अतिक्रमण हटानें की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान मुख्य मार्ग के किनारे आवागमन को अवरूद्ध कर व्यवसाय करनें वाले ठेला सब्जी वालों को मुख्य मार्ग से अलग किया जाकर सुगम यातायात की सुविधा मुहैया करानें के प्रयास किये गए।



## वैश्य सम्मेलन के नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान


कटनी। वैश्य महासम्मेलन म. प्र. जिला इकाई कटनी की कार्यकारिणी की बैठक 18 अक्टूबर को मनोहर शिशु विद्यालय, आजाद चौक में संपन्न हुई। जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष दयाशंकर कनकने द्वारा नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मनीष त्रिसोलिया एवं प्रदेश साहित्य प्रकोष्ठ संयोजक रामदयाल गुप्ता को नियुक्ति पत्र प्रदान कर स्वागत अभिनंदन किया गया एवं कलेण्डर 2022 के प्रकाशनार्थ विचार विमर्श किया गया। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी जिला इकाई, महिला जिला इकाई, युवा इकाई एवं नगर इकाई के पदाधिकारियों एवं सदस्य गणों की उपस्थिति रही।

## गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के तरीके

कटनी। शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी के खेल विभाग द्वारा सात दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं को अपनी सुरक्षा कैसे करें उसके बारे में तकनीक समझाई गई। छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देने राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी सुश्री टिंकल निषाद एवं श्रद्धा पटेल उपस्थित रहीं। उन्होंने महिलाओं के साथ घटने वाली छेड़छाड़ एवं अन्य उत्पीड़न से संबंधित घटनाओं को केन्द्र में रखते हुए छात्राओं को प्रशिक्षण दिया। छात्राओं ने भी पूरी लगने के साथ आत्मरक्षा के गुर सीखे। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. राजकुमार गुप्ता, संयोजक के रूप में क्रीड़ा अधिकारी नागेन्द्र यादव, डॉ. साधना जैन, डॉ. रश्मि चतुर्वेदी, डॉ. विमला मिंज, डॉ. वीना सिंह ,अमिताभ पांडेय, वंदना मिश्रा, सुनीता श्रीवास्तव, पुष्पा कुसरे, विनेश कुमार यादव, सुश्री सोनिया कश्यप, भीम बर्मन, सुश्री श्वेता कोरी और स्टाफ के अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।



## नवमें दिन भी बंदियों ने किया योग,ध्यान और प्राणायाम



कटनी। आनंद संस्थान द्वारा जिला जेल बंदियों के लिए 10 दिवसीय अल्पविराम, योग ध्यान प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। नौवें दिन जेल अधीक्षक लीना कोष्ठा व डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर आनंद संस्थान अनिल कांबले की उपस्थिति में कार्यशाला प्रारंभ की गई। कार्यशाला की शुरुआत में बंदियों को सूक्ष्म योग एवं व्यायाम कराया गया और उनसे होने वाले फायदों की जानकारी दी गई। उसके बाद पतंजलि योग समिति के प्रशिक्षक अभिलाष सिंह गौतम, डॉ. नरेंद्र तिवारी द्वारा योग ध्यान एवं प्राणायाम की गतिविधि कराई गई।

## जिले में अब तक कुल 715.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

कटनी। जिले में 1 जून से 19 अक्टूबर 2021 तक 715.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गतवर्ष इस अवधि में 813.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। गौरतलब है कि जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1124.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 19 अक्टूबर 2021 तक जिले के तहसीलवार वर्षा मापी केन्द्र कटनी में 596.8 मिलीमीटर, रीठी में 626.6 मिमी, बड़वारा में 902.0 मिमी, बरही में 891.0 मिमी, विजयराघवगढ़ में 885.9 मिमी, बहोरीबंद में 619.5 मिमी, स्लीमनाबाद में 503.0 मिमी और वर्षामापी केन्द्र ढीमरखेड़ा 736.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में जिले मे कुल 5.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। जिसमें कटनी तहसील क्षेत्र में 1.0 मिमी, बड़वारा तहसील क्षेत्र में 3.0 मिमी, बरही तहसील क्षेत्र में 30.0 मिमी, विजयराघवगढ़ तहसील क्षेत्र में 3.5 मिमी, बहोरीबंद तहसील क्षेत्र में 3.0 मिमी और स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र में 1.0 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। वहीं रीठी और ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्रों में निरंक वर्षा दर्ज की गई है।



किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

cello सेलो फर्नीचर
एकमात्र अधिकृत वितरक



Auth. Distributor-Cello, Natasha Almirah
Almirah, Molded Furniture
विश्वकर्मा फर्नीचर
विश्वकर्मा मार्केट, मधई मंदिर रोड कटनी, फोन- 230557, मो. 9826082251
Email-gopivishwakarma@gmail.com

अधिक खबरों के लिए लॉगिन करें
www.yashbharat.com

एम जी एम हॉस्पिटल, कटनी में
नि:शुल्क BMD शिविर
सोमवार, 25 अक्टूबर 2021
समय - सुबह 10:00 बजे से सायं 03:00 बजे तक
डॉ. पंकज गुप्ता
एम.बी.बी.एस., एम. एस.
विशेषज्ञ चिकित्सक
वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन

चुस्त दुरुस्त जीवन के लिए आवश्यक है मजबूत हड्डियां। यदि निम्नलिखित समस्या है तो हड्डियों की कमजोरी से ग्रसित हो सकते हैं -
1. उम्र 40 से ज्यादा है ?
2. थोड़ी सी चोट लगने पर हड्डियां टूट जाती हैं ?
3. बच्चेदानी का ऑपरेशन हो चुका है ?
4. वजन ज्यादा है ?
5. मौसम के अनुसार आपकी हड्डियों में दर्द होता है ?
6. कसरत करने का वक्त नहीं मिलता है ?
7. धूम्रपान व शराब का ज्यादा सेवन करते हैं ?
8. श्वास (अस्थमा) संबंधित डायबिटीज संबंधित दवाईयां लेते हैं ?
9. थायराइड की परेशानी है ?
10. कमर में बहुत दर्द होता है ?
11. लकवा की शिकायत है ?
12. कोविड-19 (कोरोना) बीमारी से ग्रसित हो चुके हैं ?

सामान्य तौर पर इस जांच के 3000 रूपये से 5000 रूपये तक लगते हैं जो कि इस दिन आपके लिए नि:शुल्क है।
नि: शुल्क अस्थि जाँच हेतु अपना रजिस्ट्रेशन आज ही करायें।

अगर पूछे गये किसी भी सवाल का जवाब हां है तो आपको आस्टियो पोरोसिस नामक बीमारी का खतरा हो सकता है। आस्टियो पोरोसिस एक ऐसी स्थिति है जिसमें हड्डियां बहुत कमजोर व नरम हो जाती है। नतीजन हल्की सी फिसलन या गिरने पड़ने वाले हल्के से दबाव से बुढ़ापे में हड्डियां जल्दी फ्रैक्चर हो जाती है। 40 साल से ज्यादा उम्र के सभी लोग खासतौर से राजोनिवृत (Menopausal) महिलाएं ऑस्टियोपोरोसिस की जांच साल में एक बार जरूर करायें।

रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
mgm HOSPITAL एम.जी.एम. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर
(A Unit of Katni Hospital Pvt. Ltd.)
कचहरी चौराहा, फारेस्ट प्लेग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.) फोन - 07622-405070, 405071
NABH

# उमरियापान में धूमधाम से मनाई गई ईद मिलादुन्नबी

**उमरियापान/यशभारत।** उमरियापान सहित पूरे क्षेत्र में ईद मिलादुन्नबी का पर्व पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के रूप में मुस्लिम समाज के लोगों ने बड़ी धूमधाम से मनाया। नगर के

### झंडा चौक में जोरदार आतिशबाजी के साथ प्रारंभ हुआ जुलूस



झंडा चौक स्थित मस्जिद पर मुस्लिम समाज के लोगों ने सुबह विशेष नमाज अदा कर देश में सुख चैन की दुआ मांगी। नगर के मुख्य मार्केट झंडा चौक में जोरदार आतिशबाजी के साथ 11 बजे से जुलूस ए मोहम्मदी प्रारंभ हुआ। शान-ए-शौकत के साथ मस्जिद से शुरू हुआ जुलूस झंडा चौकए न्यू बस स्टैंड, अंधेलीबाग तिराहा से होते हुए ईदगाह पहुंचा। जुलूस के दौरान बच्चों से लेकर युवा तक हाथ में झंडे थामे सरकार की आमद मरहवाए देखो मेरे नवी की शानए बच्चा बच्चा है कुर्बान, नारे, तकवीर, नारे, रिसालत के नारे लगाते नजर आए। पर्व की खुसी में मुस्लिम समाज के लोगों युवाओं द्वारा जगह. जगह लंगर आदि का प्रोग्राम रखा गया था जिसका समुदाय के लोगों सहित अन्य लोगों ने भी आनंद उठाया। इस दौरान बड़ी सादगी के साथ जुलूस ए मोहम्मदी में आशिके रसूल में लोगों ने शिरकत की। पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर मुस्लिम भाइयों ने मस्जिदोंए घरों एवं अपनी दुकानों को फूलों व झालरों की रोशनी से सजाया था। घरों व मस्जिदों में मिलाद शरीफ, कुरआन खानी, फातिहा भी हुई।



### झंडा चौक में शाम को केक काटकर मुस्लिमों ने मनाया जश्न

इस्लाम धर्म के पैगम्बर हजरत मुहम्मद के जन्मदिन के अवसर पर मुस्लिम युवाओं ने नगर के मुख्य मार्केट झंडा चौक में शाम को 7 बजे सैकड़ों मोमबत्ती जलाकर एवं केक काटकर जश्न मनाया। शाम का कार्यक्रम इरफान खान के नेतृत्व में मुस्लिम युवाओं ने रखा था। युवाओं ने एक दूसरे को केक और मिठाई खिलाई एवं गले मिलकर पैगम्बर हजरत मुहम्मद के जन्मदिन पर मनाये जाने वाले ईद मिलादुन्नबी पर्व की एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं। पर्व के दौरान सुरक्षा की दृष्टि प्रभारी तहसीलदार हरिसिंह धुर्वे, उमरियापान थाना प्रभारी गणेश विश्वकर्मा, ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी शेखर दुबे, सिलौंडी चौकी प्रभारी लेखसिंह परिहार सहित अन्य पुलिसकर्मी अपने अपने क्षेत्र में अलर्ट रहे।



## खेत की जुताई करते पलटा ट्रेक्टर, युवक की मौत

कटनी। उमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक की मौत खेत में ट्रैक्टर पलटने के कारण हो गई है। इस बात की जानकारी लगने पर गांव में शोक की लहर दौड़ गई। युवक खेत को जोत रहा था, इसी दौरान ट्रैक्टर मोड़ने के दौरान हादसा हुआ है। जानकारी के अनुसार उमरियापान थानाक्षेत्र अंतर्गत पिपरिया सहलावन ग्राम पंचायत के बिचहा हार जंगल में खेत की जुताई करने जा रहे युवक की ट्रैक्टर में दबकर मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि लवकुश नाम का युवक ट्रैक्टर में खेत की जुताई करने जा रहा था, खेत की ओर जाने के दौरान उसने ट्रैक्टर को अचानक मोड़ा और पलटने से उसकी चपेट में आ गया। घटना के दौरान आसपास और कोई मौजूद नहीं था। कुछ देर बाद एक चरवाहा ने उसे देखा है और ग्रामीणों को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच प्रारम्भ की। ग्रमीणों ने बताया कि एक घंटे से ज्यादा समय बीत जाने के कारण ट्रैक्टर में दबकर युवक की मौत हो गई। युवक का शव पोस्टमार्टम के लिए उमरियापान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है।



## समाज कल्याण प्रकोष्ठ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बने शेखर

**कटनी।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी समाज कल्याण प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष महेंद्रपुरी गोस्वामी द्वारा युवा नेता शशिकांत शेखर भारद्वाज को कांग्रेस समाज कल्याण प्रकोष्ठ कटनी जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्ति की गई है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शहर मिथलेश जैन द्वारा मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता राजकुमार केलू उपाध्याय की उपस्थिति में नवनियुक्त मध्यप्रदेश कांग्रेस समाज कल्याण प्रकोष्ठ कटनी जिलाध्यक्ष शशिकांत शेखर भारद्वाज को प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व की और से नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस मौके पर प्रकाश कुमार रैकवार, कृष्ण कुमार अग्रवाल भी उपस्थित थे। उन्होंने नियुक्ति पर प्रदेश कांग्रेस सहित जिले के कांग्रेसजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मेरा प्रयास होगा कि सामाजिक गतिविधियों में जिले में कांग्रेस समाज कल्याण प्रकोष्ठ सभी कांग्रेसजनों के साथ मिलकर सक्रियता से भागीदारी निभाएगा।

## देवी गीतों और भजनों ने बांधा समां

### आनंद बिहार कालोनी में शरदोत्सव, वरिष्ठ पत्रकार भोलाबाबू का 85वां जन्मदिन मनाया







**कटनी।** आनंद बिहार कालोनी में कल शाम से देर रात तक शरदोत्सव के रंग बिखरे। अवसर था वरिष्ठ पत्रकार कृष्णकांत अग्निहोत्री (भोलाबाबू) के निवास पर आयोजित शरद पूर्णिमा कार्यक्रम का। कार्यक्रम में मुरली मनोहर कन्हैया की स्तुति के साथ धरा पर शीतल चांदनी यूं बिखरी कि देर रात तक भक्तिरस की वर्षा में लोग डूबते उतराते रहे।

आर्केस्ट्रा माइकल के कलाकारों और साजिंदों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों और भजनों की सुंदर प्रस्तुति से जहां जोरदार समां बांधा तो दूसरी ओर परिवार के सदस्यों ने अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को चारचांद लगा दिये। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार भोलाबाबू की जीवन यात्रा के 85 वर्ष पूरे होने पर केक काटकर जन्मदिन का उल्लास भी बिखेरा गया और लोगों ने स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की शुभकामनाएं दी। प्रारंभ में भगवान मुरली मनोहर और राधिका जी के साथ मां जगदम्बे की पूजा अर्चना की गई। इसके उपरांत आर्केस्ट्रा के कलाकारों ने प्रभु की स्तुति कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

आगंतुकों का स्वागत वरिष्ठ पत्रकार कृष्णकांत अग्निहोत्री, डॉ. श्रीमती स्नेहलता अग्निहोत्री, कार्यक्रम के आयोजक अनुराग अग्निहोत्री, श्रीमती जया अग्निहोत्री सहित परिवार के अन्य सदस्यों ने किया। विदिशा से कटनी आए रिटायर्ड एसडीएम अविनाश तिवारी एवं श्रीमती स्मिता तिवारी ने अपनी प्रस्तुतियों से एक ओर जहां कार्यक्रम को चारचांद लगाये तो दूसरी ओर आर्केस्ट्रा के कलाकारों संजीव अवस्थी, शाहिस्ता खान सहित अन्य ने सुमधुर प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को यादगार बना दिया। दुश्यंत तिवारी, मानस पांडेय, आशीष सोनी ने भी आराधना के गीतों से सराहना अर्जित की। कार्यक्रम के मध्य में परिवार के सदस्यों एवं उपस्थित लोगों ने केक काटकर भोलाबाबू का जन्मदिन भी मनाया। कालोनी निवासी किशन गुप्ता के पुत्र ओम गुप्ता का भी जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान रिटायर्ड डिप्टी कलेक्टर के.सी. मिश्रा, विद्युत मंडल के एसई संजय अरोरा, वरिष्ठ समाजसेवी गंगाराम कटारिया, वरिष्ठ पत्रकार सुरेश सोनी, ठाकुर प्रताप सिंह चौहान, करण सिंह चौहान, शशिकांत तिवारी, प्रमोद सुहाने, राजा जगवानी, राकेश जैन कक्का, जमुना बिचपुरिया, गणेश प्रसाद टुड़हा, अमित टुड़हा, गिरीश सरावगी, सत्यप्रकाश गुप्ता, रमेश रिछारिया, मनोरमा तिवारी, श्रीमती समता पांडेय, श्रीमती नमिता दुबे, अंशु टुड़हा, प्रीति चौरसिया, अमिता नायक, अंजु टुड़हा, स्वाति छिरौल्या, आशुतोष शुक्ला, आशीष रैकवार, संजय खरे, रोहित सेन, विवेक शुक्ला आदि की उपस्थिति रही। आभार प्रदर्शन अनुराग अग्निहोत्री ने किया। रात्रि 12 बजे आरती के साथ शरदोत्सव का समापन हुआ। उपस्थिजनों को प्रसाद के रूप में खीर का वितरण किया गया।

### बेखौफ बदमाश बने पुलिस के लिए चुनौती

## सिविल लाइन स्थित रेलवे क्वार्टर में दिनदहाड़े घुसे चोर, आभूषण और नगदी पार

**कटनी। कोतवाली थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े चोरी की तीसरी वारदात को बेखौफ चोरों ने अंजाम दिया है। चोरी की तीनों ही वारदातों में आरोपियों की गिरफ्तारी तो दूर सुराग तक ही जुटा पाई है। चोरों ने दो सप्ताह के अंदर दिनदहाड़े 50 हजार, फिर एक लाख और अब रेलवे कर्मचारी के घर में दिन में ही घुसकर सोने-चांदी के जेवर सहित 15 हजार रुपए नगदी पार कर दिए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है। फिलहाल आरोपियों के संबंध में कोई सुराग नहीं है।**

पुलिस ने बताया कि सिविल लाइन में बने रेलवे क्वार्टर में रहने वाले दिवाकर दास के घर में 19 अक्टूबर की दोपहर करीब सवा दो बजे अज्ञात चोर घुसे और हजारों रुपए के सोने चांदी के जेवर और 15 हजार नगद चोरी कर ले गए। पुलिस ने चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। चोरों की तलाश की जा रही है। इससे पहले भी कोतवाली क्षेत्र में ही चोरी की दो वारदातों को दिनदहाड़े चोरों द्वारा अंजाम दिया जा चुका है। जिसमें पन्ना पन्ना जिले के पवई निवासी जागेश्वर प्रसाद सोनी ने बताया था कि उन्होंने 11 अक्टूबर को पवई में बैंक से एक लाख रुपए निकाले थे। खरीदी करने के लिए 12 अक्टूबर को बस से कटनी बस स्टैंड आए। झंडाबाजार आने के लिए ऑटो में बैठे थे। झंडाबाजार पहुंचने पर जब उन्होंने अपना बैग देखा तो उसकी चैन खुली हुई थी, उसमें रखे एक लाख रुपए नहीं थे। अपने साथ हुई चोरी की वारदात की सूचना उन्होंने पुलिस को दी है। वहीं 7 अक्टूबर को भी चोरों ने चोरी की वारदात को दिनदहाड़े अंजाम दिया था। पेशे से ठेकेदारी करने वाले रीवा निवासी शैलेंद्र सिंह बांधा इमलाज में रोड निर्माण का ठेका लिए हुए हैं। 7 अक्टूबर की दोपहर लगभग डेढ़ बजे वे अपने कार के टायर में हवा भरवाने के लिए जिला अस्पताल के सामने स्थित दुकान में गए थे। जहां पर हवा भरवाने के लिए उन्होंने कार खड़ी कर दी। इस दौरान एक युवक कार में रखा बैग चोरी कर फरार हो गया। बैग में ठेके से संबंधित सरकारी दस्तावेज सहित बैंक चैक बुकए आधार कार्ड और 50 हजार रुपए रखे हुए थे। किसी भी चोरी की वारदात में पुलिस के पास कोई सुराग नहीं है।

### घर के अंदर से बाइक व मोबाइल ले गए चोर

वहीं कुठला थाना अंतर्गत बल्लभ नगर क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने एक घर में घुसकर मोटर साइकिल और एक मोबाइल को पार कर दिया। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस बताया कि बल्लभ नगर निवासी सतेन्द्र कुमार बैरागी के घर 12 अक्टूबर की रात में चोर घुसे और वहां पर रखी मोटर साइकिल और एक मोबाइल चोरी कर लिया। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। चोरों की तलाश की जा रही है।

## घट यात्रा के साथ सिद्धचक्र महामंडल विधान प्रारंभ

### रीठी के पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आयोजन





**कटनी/रीठी।** रीठी में 108 सिद्धचक्र महामंडल विधान घट यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। 108 आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज श्री के आशीर्वाद से 105 कुशल मति माताजी के सानिध्य में ब्रह्मचारिणी दीदी सुनीता जी के निर्देशन में ब्रह्मचारी भैया अंकित जैन धनेटा के निर्देशन में रीठी में सिद्धचक्र महामंडल विधान 19 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में पटवारी विजय कुमार जैन परिवार इसकी पुण्य अर्जक बने। सुबह 7 बजे घटयात्रा जूलुस रीठी नगर का भ्रमण करते हुए बाजे गाजे के साथ जैन मंदिर से थाने की ओर एवं बस स्टैंड से जाकर वापस मंदिर जी में घोड़ा बग्गी, सिर पर कलश लिए महिलाएं, नाचते गाते युवा एवं बच्चे, इंद्र इंद्राणी ने यात्रा में भाग लिया। भगवान के माता पिता पटवारी विजय कुमार जैन एवं श्रीमती भागवती जैन, सौधर्म इंद्र देवेंद्र कुमार जैन, श्रीमती आभा जैन, कुबेर इंद्र राजू जैन, श्रीमती रंजना जैन, इंद्र इंद्राणी मनोज जैन संगीता जैन, महेंद्र जैन श्रीमती प्रतिभा जैन, संतोष कुमार श्रीमती वंदना जैन, जिनेन्द्र कुमार श्रीमती पुष्पा जैन, रतनचंद गीता जैन, अनिल कुमार, श्रीमती मंजू जैन, विपिन कुमार श्रीमती अंशु जैन, दिलीप कुमार श्रीमती रंजना जैन, शास्त्र भेंट जयकुमार जैन पिण्डरई वालों करने का सौभाग्य मिला।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ
यश भारत
कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | - | 150/- |
| 3 दिन | - | 250/- |
| 7 दिन | - | 500/- |
| 15 दिन | - | 1200/- |
| 30 दिन | - | 1800/- |

साईज- 5x1
आवश्यकता, खरीदना-बेचना अपने व्यापार को बढ़ावा दें
बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोनः- 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com

# नृशंस हत्या के बाद बोरे में बंद कर फेंकी लाश

## हाथ-पैर, मुंह बांधकर बाणसागर के भराव क्षेत्र में फेंका शव, इलाके में सनसनी, शिनाख्तगी के प्रयास तेज





**कटनी/बरही।** बरही थाना क्षेत्र के कुटेश्वर माइंस मार्ग स्थित ग्राम तिमुआ सिद्ध महाराज के पास महानदी के बाणसागर भराव क्षेत्र में बोरी में बंद शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। पानी मे शव उतरा रहा था, हाथ-पैर, मुंह रस्सी से बंधा हुआ था, शरीर मे चोट के निशान भी है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि किसी ने बेहरहमी से हत्या कर शव को बोरी में बंद कर महानदी में फेंका है। शव मिलने की खबर लगते ही मौके पर पहुंची बरही पुलिस ने शव बरामद करते हुए पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया है। वहीं पुलिस के द्वारा शव की शिनाख्तगी के प्रयास भी तेज कर दिए गए हैं। बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची के मुताबिक आसपास के जिलों व थानों में जानकारी देकर शव की शिनाख्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं। शव की शिनाख्त होने के बाद हत्या का खुलासा हो सकता है।

### हत्याकर शव महानदी में फेंका

बरही मुख्यालय से 8 किलोमीटर दूर तिमुआ गांव के पास महानदी के भराव क्षेत्र में बोरी में बंद पानी में उतराता शव किसी अज्ञात युवक का है, जिसके हाथ-पैर बंधे हुए है। किसी ने हत्याकर शव को महानदी में फेंका है। शव की शिनाख्त नही हो पाई है। बहरहाल अज्ञात शव किसका है, हत्याकर महानदी में किसने फेकी लाश इन सारे पहलुओं की पड़ताल करने में पुलिस जुट गई है। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी का माहौल है।

### बेरहमी से हत्या की संभावना-थाना प्रभारी

इस संबंध में बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची का कहना है कि अज्ञात शव बरामद करते हुए मृतक के शिनाख्तगी के प्रयास किए जा रहे है। ऐसी संभावना है कि बेरहमी से हत्याकर शव को हत्यारो ने बोरी में बांधकर फेंक दिया, मृतक के शिनाख्तगी के प्रयास किए जा रहे है।

# स्मृति दिवस पर याद किए गए शहीद पुलिसकर्मी

## पुलिस लाइन में आयोजित हुआ कार्यक्रम,वीर शहीदों को दी गई श्रृद्धांजलि

**कटनी।** अपने कर्तव्य की बलि बेदी पर अपने प्राणों तक को न्यौछावर करने वाले अमर शहीदों की याद में पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को किया जाता है। इसी कड़ी में आज 21 अक्टूबर को झिंझरी स्थित पुलिस लाइन में सुबह आठ बजे स्मृति दिवस समारोह का आयोजन किया गया। स्मृति दिवस के आयोजन के साथ ही परिसर में पुलिस झंडा दिवस भी मनाया गया। यह स्मृति दिवस हर साल उन शहीदों के याद में मनाया जाता है जो अपनी ड्यूटी बडी निष्ठा के साथ करते हुये शहीद हो जाते हैं। इसी क्रम में आज जिले के आला पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने शहीद हुए पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि देकर उनको याद किया। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक में शहीद हुए जवानों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर शहीद जवानों को सलामी देने के साथ शोक परेड आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने कहा कि



ड्यूटी के दौरान अपने प्राण को बलिदान कर देना, राष्ट्रभक्ति का सबसे बड़ा उदहारण है। प्रत्येक वर्ष देश के जवान अपने कर्तव्य निर्वहन के दौरान देश व समाज की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे देते हैं। उन्हीं जवानों के सम्मान में 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन किया जाता है। स्मृति दिवस पर शहीद हुए जवानों को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के साथ ही उनके परिवार वालों को यह विश्वास दिलाया जाता है कि पूरा पुलिस बल उनके साथ है।

### खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन

पुलिस लाइन प्रभारी रक्षित निरीक्षक लवली सोनी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन के निर्देशानुसार खेल विभाग के द्वारा पुलिस स्मृति दिवस के उपलक्ष में ही जिले में सात दिवसीय खेलों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें महिला वर्ग पुरुष वर्ग के विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

# जिला अस्पताल के जन्म-मृत्यु कार्यालय में 45 हजार की चोरी

## पीछे के रास्ते घुसे चोरों ने आलमारी से पार की रकम



**कटनी।** जिला अस्पताल के जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र कार्यलय में देरात चोरों ने धावा बोला और अंदर आलमारी में रखे 45 हजार रूपए लेकर चंपत हो गए। कर्मचारियों के आज सुबह कार्यालय पहुंचने पर चोरी की जानकारी लगी। जिसके बाद सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। बताया जाता है कि बदमाश कार्यालय में पीछे के रास्ते से अंदर घुसे और आलमारी तोड़कर अंदर रखे लगभग 45 हजार रुपये लेकर चंपत हो गए। पुलिस अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध मामला दर्ज कर उनकी तलाश में जुट गई है। बदमाशों का पता लगाने पुलिस जिला अस्पताल में जगह-जगह लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है।

# मैहर के निगरानी बदमाश ने की थी सराफा कारोबारी के यहां चोरी



## चंद घंटों में बरही पुलिस ने सुलझाई वारदात

**कटनी।** बरही थाना अंतर्गत सराफा कारोबारी के यहां हुई चोरी के आरोप में पुलिस ने मैहर के निगरानी बदमाश को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि बीती 18 अक्टूबर की शाम साढ़े चार बजे के लगभग सराफा कारोबारी शंकर पिता प्रेमलाल ताम्रकार की सराफा दुकान पहुंचे दो अज्ञात युवकों 30 हजार रूपए कीमती 3 जोड़ी टाप्स लेकर चंपत हो गए थे। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए आरोपियों को गिरफ्त में लेने के प्रयास शुरू किए थे। बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के दिशा निर्देश तथा विजयराघवगढ़ एसडीओपी शिखा सोनी के मार्गदर्शन में काम करते हुए बरही पुलिस ने ग्राम उबरा में मैहर के निगरानी बदमाश 35 वर्षीय सुल्तान पिता मिसकीन जाफरी को चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से चोरी किए गए टाप्स बरामद कर लिए गए है। आरोपी को गिरफ्तार करने में बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची, सहायक उपनिरीक्षक दिनेश गौतम, प्रधान आरक्षक व्यास प्रसाद गुप्ता, अजय पाठक, वाहन चालक आरक्षक रोहित सिंह की भूमिका रही।

यदि यश भारत समय पर आप तक नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009




# युवकों ने लगाई फांसी

## बड़वारा व बाकल में घटनाएं

**कटनी।** बड़वारा व बाकल थाना अंतर्गत दो युवकों के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस मर्ग कायम कर मामलों की जांच कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम मझगवां निवासी 21 वर्षीय श्रीराम पिता सपरू भूमिया के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। इसी प्रकार बाकल थाना अंतर्गत ग्राम खजरी निवासी 18 वर्षीय रितिक पिता गुड्डा लोधी ने भी फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामलों को जांच में लिया है।







## बीड़ी फैक्ट्री कार्यालय व गोदाम में जांच करने पहुंची सेंट्रल जीएसटी की टीमें

**कटनी।** सेंट्रल जीएसटी की टीम द्वारा आज बिड़ी फैक्ट्री के कार्यालय व गोदाम में जांच की गई। बताया जाता है कि सेंट्रल जीएसटी की अलग-अलग टीमें आज बिड़ी फैक्ट्री के कटनी, स्लीमनाबाद, बहोरीबंद व बाकल स्थित कार्यालय व गोदामों में पहुंची। सभी जगह टीमों के द्वारा कारोबार से संबंधित दस्तावेजों की जांच की गई। बीड़ी फैक्ट्री के संचालकों ने बताया कि रूटीन जांच के लिए सेंट्रल जीएसटी की टीमें पहुंची थी। उधर खबर यह भी है कि एक फर्नीचर शोरूम सहित कुछ अन्य जगह भी जांच की गई।







स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)